भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नईदिल्ली–110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी: info@bsgindia.org दूरभाष:+91-11-23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 133/2020
दिनांक : 29 सितम्बर, 2020

अनुस्मारक

विषय :– 63वॉं वर्ल्ड जोटा/24वीं वर्ल्ड जोटी–16से 18 अक्टूबर, 2020
सन्दर्भ:– राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या–118/2020 दिनॉंक–27–08–2020

महोदय/महोदया,

कृपया राष्ट्रीय मुख्यालय के परिपत्र संख्या–118/2020 दिनॉंक–27–08–2020 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

हम यह साझा करते हुए उत्साहित है कि जोटा–जोटी (जम्बूरी ऑन दी एयर एवं जम्बूरी ऑन दी इंटरनेट) **16 से 18 अक्टूबर, 2020** तक नवीन इंटरेक्टिव मानचित्र गतिविधियों एवं रोमांचक कार्यक्रमों की विशेषता के साथ यह कार्यक्रम ऑनलाइन एवं वायु तरंगों के माध्यम से आयोजित होगा।

एक ऐसे समय में जब कई युवा कोविड़–19 महामारी से प्रभावित हैं, जोटा–जोटी–2020 का यह आयोजन 200 देशों एवं क्षेत्रों के लाखों युवाओं को एक साथ आकर मित्रता बनाने एवं उन्हें वैश्विक नागरिकता के बारे में जानने हेतु सक्षम बनाएगा। जोटा–जोटी 2020 टुगेदर थीम पर आयोजित होगा।

राज्य संघों से अनुरोध है कि वे कब/बुलबुल, स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर, वयस्क नेताओं, स्काउट एवं गाइड ग्रुप्स/इकाईयों को एक ग्रुप या व्यक्तिगत रूप से पंजीकृत करने एवं डिजिटल गतिविधि का आनन्द लेने हेतु डिजिटल मंच www.jotajoti.info से जुड़ने हेतु उन्हें प्रोत्साहित एवं प्रेरित करें। सप्ताहांत विश्व स्काउट फ्रीक्वेंसी समेत अमेच्योर रेडियो के माध्यम से जोटा में सम्मिलित होने हेतु तैयारी के लिए विशिष्ट जानकारी उसी वेबसाइट के उप–पेज www.jotajoti.info/jota पर पहले से उपलब्ध है।

यदि आपने अभी तक पंजीकरण नहीं किया है तो www.jotajoti.info पर अभी पंजीकरण करें तथा 16 से 18 अक्टूबर को युवाओं के लिए दुनियाँ की सबसे बड़ी बातचीत वाले इस वैश्विक कार्यक्रम में भाग लें। आप स्काउट गाइड समूह अथवा व्यक्तिगत रूप से दुनियाँ के किसी भी स्थान से साइन अप कर सकते हैं।

कृपया जोटा–जोटी गतिविधि आख्या को scout.org पर अपलोड करना न भूलें। हम आपसे यह भी सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं कि गतिविधि की आख्या एवं एक्शन फोटोग्राफ्स **20 अक्टूबर, 2020** तक boyprogramme@bsgindia.org पर अवश्य प्रेषित करें।

राज्य संघों से अनुरोध है कि युवाओं को जोड़ने एवं प्रेरित करने तथा उन्हें डिजिटल प्लेटफार्म पर स्वयं को उजागर करने हेतु इस कार्यक्रम को हमारे हितधारकों के बीच जमीनी स्तर तक पहुँचाएं।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(अमर बी. क्षेत्री)
संयुक्त निदेशक (स्काउट)

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।